दिन–रविवार दिनांक– 26 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में पर्यावरण, पर्यटन की समग्र योजना तैयार करने का निर्देश दिया। कहा– मां सीता के मंदिर का निर्माण वर्ष दो हजार अट्ठाईस तक पूरा होगा।

03. आर्थिक अपराध इकाई राज्य में बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से ली जा रही सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी, एईडीओ की परीक्षा में कदाचार और प्रश्न पत्र लीक मामलों की जांच करेगी।

04. और, उत्तर बिहार में आंधी–बारिश और ओलावृष्टि से व्यापक नुकसान। प्रदेश के सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सुपौल, अररिया, पूर्णिया समेत राज्य के इक्कीस जिलों में आंधी बारिश की सम्भावना।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तैंतीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में पर्यावरण, पर्यटन की समग्र योजना तैयार करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। पटना में पर्यावरण, पर्यटन से संबंधित विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य कर्मियों के लिए भी पर्यटन पैकेज तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकारी तलाबों के चारों ओर पौधा रोपण कराये और जैन सर्किट को विकसित करने के लिए योजना बनाये। बाद में पत्रकारों से बात करते हुये श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में पर्यटन को विकसित करने

के लिए कई कार्य किये गये हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन धरोहरों को संरक्षित किया जा रहा है। इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सीतामढ़ी में जानकी नवमी पर आयोजित एक समारोह में कहा कि माता जानकी का जीवन त्याग, धैर्य और शक्ति का अद्भूत उदाहरण है। माँ जानकी का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां सीता के मंदिर निर्माण की समय सीमा जून दो हजार उनतीस तय की गयी थी, लेकिन अब इसे इकतीस दिसम्बर दो हजार अट्ठाईस तक पूरा कर लिया जायेगा।

---बाइट---

---

आर्थिक अपराध इकाई राज्य में बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से ली जा रही सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी, एईडीओ की परीक्षा में कदाचार और प्रश्न पत्र लीक मामलों की जांच करेगी। कदाचार को लेकर बेगूसराय, वैशाली, मुंगेर और नालंदा समेत कई जिलों में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। ईओयू के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने बताया कि बीस अप्रैल को बेगूसराय जिले में पहली प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। जहां एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया गया था। उससे पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर जांच के बाद अन्य स्थानों पर छापेमारी की गयी। उन्होंने कहा कि अब तक चार जिलों से ढ़ाई दर्जन अभ्यर्थी और दलालों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

---

राज्य सरकार ने सेमी कंडक्टर उद्योग के विकास के लिए अनुदान के साथ सस्ती बिजली देने का निर्णय लिया है। उद्योग विभाग के अनुसार इन उद्योगों को अगले दस वर्षों तक अनुदानित दर पर पानी भी उपलब्ध कराया जायेगा। विभाग के अनुसार इन उद्योगों को पांच रूपये प्रति यूनिट की दर से अगले दस वर्पों तक बिजली मिलेगी। वहीं, चार रूपये प्रतिघन मीटर की दर से पानी की आपूर्ति की जायेगी। ये उद्योग अगर पेटेंट करने के लिए आवेदन देते हैं, तो उनकी लागत खर्च का पचहत्तर प्रतिशत सरकार वहन करेगी।

---

जल परिवहन मंत्रालय ने राज्य के ग्यारह जिलों के इक्कीस स्थानों पर जल मार्ग को विकसित करने का निर्णय लिया है। इसके अन्तर्गत चिन्हित स्थानों पर जहाजों के ठहराव के लिए जेटी बनाये जा रहे हैं। मंत्रालय के अनुसार यह सभी जल-स्टेशन, जेटी गंगा और गंडक नदी के घाटों पर बनाये जा रहे हैं। इनमें पांच पटना में और अन्य दूसरे जिलों में बनाये जा रहे हैं।

---

पटना–दीन दयाल उपाध्याय रेलखंड पर नेऊरा स्टेशन के पास नन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते आज सात सवारी रेलगाडियां रद्द रहेंगी। वहीं, बावन एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग परिवर्तित किया गया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसम्पर्क पदाधिकरी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि इसके अलावा दानापुर–बक्सर पैसेंजर, पाटलिपुत्र– लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस समेत कई रेलगाड़ियों को तीस से एक सौ अस्सी मिनट तक पुनर्निर्धारित कर चलाया जायेगा। इस बीच, यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये रेलवे सहरसा, रक्सौल, गोमो से स्पेशल ट्रेन का परिचालन कर रहा है। वहीं, उधना से दानापुर और जयनगर के लिए भी आज से विशेष ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। वहीं, जमालपुर–किऊल रेलखंड पर आज सात घंटे का मेगा ब्लॉक रहेगा। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि इस खंड पर लेवल क्रॉसिंग हटाकर आरसीसी बॉक्स के जरिये सब–वे बनाया जा रहा है।

---

प्रदेश का मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी बिहार और उसके आस–पास ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण क्षेत्र के प्रभाव से अगले तीन दिनों के दौरान पूरे राज्य में आंधी–पानी के आसार बने हुये हैं। विभाग के अनुसार सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सुपौल, अररिया, पूर्णिया समेत राज्य के इक्कीस जिलों में आंधी बारिश की सम्भावना है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों में राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य उत्तर–पूर्वी दक्षिण–पूर्व के एक दो स्थानों पर बारिश की संभावना है।

–––साउंड बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास जिले के डेहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तामपान चौवालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके साथ ही गया जी का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव दो और पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, उत्तर बिहार में आंधी–बारिश और ओलावृष्टि से व्यापक नुकसान हुआ है। सुपौल जिले के सरायगढ़–भपटियाही और राघपुर इलाके में आंधी–बारिश और ओलावृष्टि से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। जबकि मूंग, मक्का और पटसन की फसल को नुकसान पहुंचा है। अररिया जिले में कल रात तेज आंधी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई स्थानों पर पेड़ गिर गये हैं और कई कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा है।

---

इस बीच, मौसम विभाग ने भीषण गर्मी से निपटने के दिशा–निर्देश और परामर्श जारी किए हैं। विभाग ने कहा है कि तेज गर्मी से जागरूकता और बचाव से सुरक्षित रहा जा सकता है।

–––साउंड बाईट–––

अपनी निर्देशिका में मौसम विभाग ने नागरिकों को सीधे धूप में खासकर दोपहर के समय में बचने की सलाह दी है। लोगों को कहा गया है कि वह अपने सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढकें और उच्च तापमान के दौरान बाहर जाने से बचें। लोगों को हल्के रंग के ढीले और सूती कपड़े पहनने चाहिए। ओआरएस, लस्सी, चावल का पानी, नींबू पानी और छाछ जैसे पेय पदार्थों का सेवन शरीर को पर्याप्त रूप से हाइड्रेटेड रखने में सहायक होगा। मौसम विभाग ने बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ही किसी बीमारी से ग्रस्त लोगों का विशेष देखभाल रखने को कहा है।

इधर, राज्य में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने गर्मी और जल संकट की स्थिति को लेकर सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी है। विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि निरंतर पेजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रखा गया है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में भू–जल स्तर में कमी आ रही वहां टैंकर जैसे साधनों से पेजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है।

---

आई.पी.एल. क्रिकेट में आज दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच चेन्नई में दोपहर बाद साढ़े तीन बजे से गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा। दूसरे मैच में शाम साढ़े सात बजे लखनऊ में कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जॉयंट्स से होगा। वहीं, कल जयपुर में खेले गये मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया। एक अन्य मैच में नई दिल्ली में पंजाब किंग्स ने डेल्ही कैपिटल्स को छह विकेट से पराजित किया। पंजाब किंग्स ने जीत के लिए दो सौ पैंसठ रन का लक्ष्य अठारह ओवर और पांच गेंद में ही हासिल कर लिया। टी–टवेंटी क्रिकेट के इतिहास में पहली बार सबसे बड़ा सफल लक्ष्य हासिल किया गया है।

---

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने राज्य के छह चिकित्सकों को मक्का में हाजियों की स्वास्थ्य जांच के लिए चयन किया है। स्वास्थ्य विभाग ने चयनित चिकित्सकों को सउदी अरब के जेद्दाह में भारतीय दूतावास के अधिकारियों के पास योगदान देने का निदैश दिया है।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने दो हजार पच्चीस–सत्ताईस के डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन, डीएलएड का डमी रजिस्ट्रेशन कार्ड जारी कर दिया है। छात्र अपने पंजीकरण आवेदन में पच्चीस से उनतीस अप्रैल के बीच सुधार कर सकत हैं।

---

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने आठ लाख छात्रों के प्रमाण पत्र डीजी लॉकर पर अपलोड कर दिये है। वहीं, पटना विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर डी.के. लाल ने बताया कि विश्वविद्यालय के तीस हजार से अधिक छात्रों के प्रमाण पत्रों को अपलोड कर दिया गया है।

---

अररिया जिले में भारत–नेपाल सीमा के भारतीय सीमावर्ती क्षेत्र के फुलकाहा, अचरा और कोशिकापुर से पुलिस ने वाहन जांच के दौरान चार सौ पचास लीटर नेपाली शराब के साथ सात तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से छह मोटरसाईकिल जब्त किया है।

---

कटिहार जिले में स्वास्थ्य विभाग के जिला स्वास्थ्य प्रबंधक समेत दो अधिकारियों का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि जिले में बीस धावा दल का गठन किया गया है। यह दल जिले के नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की जांच कर रहा है।

---

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मनियारचक घाट स्थित तारापुर दियारा में अवैध रूप से चल रहे मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार लोगों को चार बेस मशीन, दो देशी पिस्टल, तीन अर्धनिर्मित देशी पिस्टल, एक मैगजीन, सात कारतूस, एक हैंड डाई सहित छोटे–मोटे हथियार बनाने के उपकरण को बरामद किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– अमेरिका–ईरान में वार्ता का दूसरा दौर भी टला, अराघची पाक से लौटे।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– धार्मिक और पर्यटन की दृष्टिकोण से और विकसित होगा सीतामढ़ी।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– पटना विश्वविद्यालय में एक सौ चार छात्रवृत्तियों के तीन करोड़ रूपये तीस साल से खातों में कैद।

प्रभात खबर ने आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता पर लिखता है– फिर ढहा रनों का पहाड़। ऐसा पहली बार हुआ, पंजाब ने हासिल किया दो सौ चौंसठ रनों का लक्ष्य।

राष्ट्रीय सागर के शब्द है– नीतीश से मिले सम्राट, कैबिनेट विस्तार की चर्चा तेज।

आज अखबार लिखता है– केन्द्र सरकार अटल पेंशन योजना की राशि पांच हजार से दस हजार रूपये करने की कर रही है तैयारी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में पर्यावरण, पर्यटन की समग्र योजना तैयार करने का निर्देश दिया। कहा– मां सीता के मंदिर का निर्माण वर्ष दो हजार अट्ठाईस तक पूरा होगा।

03. आर्थिक अपराध इकाई राज्य में बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से ली जा रही सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी, एईडीओ की परीक्षा में कदाचार और प्रश्न पत्र लीक मामलों की जांच करेगी।

04. और, उत्तर बिहार में आंधी–बारिश और ओलावृष्टि से व्यापक नुकसान। प्रदेश के सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सुपौल, अररिया, पूर्णिया समेत राज्य के इक्कीस जिलों में आंधी बारिश की सम्भावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।